जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

20 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग ने तकनीकी महोत्सव "सेलेस्ट्रा-2025" का आयोजन किया

प्रॉफेश्नल टेक्निकल सोसाइटीज, अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई) के स्टूडेंट चैप्टरों और जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स (एसएई) ने 19 फरवरी, 2025 को विकसित भारत@2047 के भारत के लक्ष्य को मनाने के लिए एक तकनीकी महोत्सव "सेलेस्ट्रा-2025" का आयोजन किया। सेलेस्ट्रा एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है जो ज्ञान साझा करने, प्रतियोगिताओं और व्यावहारिक तकनीकी अनुभवों में संलग्न होने के लिए नवोन्मेषी लोगों, महत्वाकांक्षी इंजीनियरों और उद्योग पेशेवरों को एक साथ लाता है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय की डीन प्रो मिनी थॉमस ने किया। उन्होंने इंजीनियरिंग छात्रों के अंतरराष्ट्रीय पेशेवर समाजों के सदस्य बनने के महत्व पर बल दिया। इस प्रकार की सदस्यता उद्योग से संबंधित जानकारी, समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ नेटवर्किंग और स्वयंसेवा के अवसर तथा उनके पेशेवर करियर के दौरान मूल्यवान मार्गदर्शन की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है।

आईसीएटी के निदेशक श्री सौरभ दलेला कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे और उनका संगठन राष्ट्रीय ऑटोमोटिव बोर्ड (एनएबी) का एक प्रभाग है जो भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के अंतर्गत एक स्वायत्त इकाई के रूप में कार्य करता है। अपने बीज वक्तव्य में श्री दलेला ने इस बात पर बल दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शक्ति मानवता की मुट्ठी में है, उन्होंने समाज से इस तकनीक को आगे बढ़ाने एवं अपनाने का आग्रह किया, न कि इसे रोजगार के अवसरों के लिए खतरा मानकर डरने का। उन्होंने छात्रों को इस बात पर रोशनी डालते हुए प्रेरित किया कि भारत के युवाओं की सामूहिक क्षमता उन्हें देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने और भारत की जीडीपी को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी।

यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो जेड मलिक ने कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और छात्रों का स्वागत किया तथा वर्तमान परिदृश्य में पेशेवर समाजों के महत्व पर बल दिया।

इस उत्सव में 14 तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जैसे कि प्रॉडक्ट सेलिंग, "स्मार्ट मैनिफेस्टिंग और इंडस्ट्री 4.0" पर पोस्टर बनाना, एआई इमेज जेनरेशन, तकनीकी ट्रेजर हंट, जामिया हैज गॉट लेटेंट, तकनीकी क्विज, रोबोकार आदि। सभी कार्यक्रमों में न केवल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय अपितु पूरे विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया।

उत्सव का समन्वय एएसएमई की प्रो सबा खान और एसएई के डॉ. मोहम्मद जावेद ने किया। प्रो खान ने सभी उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया और आनंद एवं उत्साह से परिपूर्ण दिवस होने का वादा किया। उन्होंने नए लोगों से उन सोसाइटियों में शामिल होने का आग्रह किया जो उनकी रुचि को बढ़ाती हैं और साथ ही उन्होंने इस बात पर रोशनी डाली कि लगभग सभी तकनीकी सोसाइटियां बहु-विषयक दृष्टिकोण को अपनाती हैं।

एएसएमई और एसएई छात्र प्रमुख क्रमशः अक्सा मतीन तथा जीशान हाशमी ने अपने टीम सदस्यों अरीब, जोया, शकीला, अजमत और फिजा मोइन के साथ मिलकर उत्सव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने समाज के सदस्यों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रयास किए।

समापन सत्र के दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए जिसकी अध्यक्षता श्री परनीत सिंह ने की। डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया